# लखनऊ में थर्मल इमेजिंग परीक्षण केंद्र बनाया जाएगा

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** रक्षा एवं विकास अनुसंधान संगठन (डीआरडीओ) उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ केंद्र में डिटेक्शन सेंटर विकसित करेगा। इसमें थर्मल इमेजिंग सिस्टम व मल्टी सेंसर सर्विलांस सिस्टम का विकास व परीक्षण होगा। देश की रक्षा जरूरतों के मद्देनजर यह महत्वपूर्ण पहल होने जा रही है।

इसके लिए यूपीडा की ओर से डीआरडीओ को दस हेक्टेयर जमीन एक रुपये के वार्षिक पट्टे पर दी जाएगी। इस संबंध में औद्योगिक विकास विभाग ने प्रस्ताव तैयार किया है। इसे जल्द कैबिनेट से पास कराया जाएगा। खास बात यह कि इस सेंटर में 500 दक्ष इंजीनियरों को भर्ती किया जाएगा।इसके अलावा 150 अन्य कुशल व प्रशिक्षित कामगारों को रोजगार मिलेगा।

**10** हेक्टेयर जमीन एक रुपये लीज पर मिलेगी

- रक्षा मंत्रालय व यूपीडा योजना पर करेंगे काम
- 650 इंजीनियरों, श्रमिकों को मिलेगा रोजगार

इसके लिए आईआरडीई (यंत्र अनुसंधान एवं विकास संस्थान) ही इस सेंटर का निर्माण, संचालन करेगा। इसमें सेमीकंडक्टर का भी निर्माण होगा। असल में केंद्र सरकार रक्षा जरूरतों को देखते हुए आत्मनिर्भरता पर खासा जोर है। इसलिए स्वदेशीकरण के तहत रक्षा उपकरणों व आधुनिक यंत्र के विकास व निर्माण यहां किया जा रहा है।